इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

VINIRMIT ASSOCIATES & CONSTRUCTION
WE BUILD TRUST
OUR SERVICES
- BUILDING PLANNING, 2D & 3D DESIGNING
- CONSTRUCTION & SUPERVISION WORK.
- BUILDING PERMISSION & DIVERSION.
- CIVIL CONSULTANT & FINANCE ADVISOR & PROVIDER.
- TOWN & COUNTRY PLANNING & LAY OUT WORK.
Er. SAGAR HARIHARNO B.E.(Civil), Town Planner 0 81036-51143
Er. SAHIL HARIHARNO B.E.(Civil) M.Tech (Structure) 0 97709-50370
OFFICE ADD. : SHRISHTI COLONY, KAMLA COLLEGE ROAD, RAJNANDGAON (C.G.)

वर्ष- 43 अंक -324 राजनांदगांव, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## भारत ने कनाडा के 6 राजनयिकों को किया निष्कासित, 19 अक्टूबर तक छोड़ना होगा देश

नई दिल्ली। भारत-कनाडा के रिश्तों को एक और बड़ा झटका लगा है। कनाडा से अपने राजनयिकों को वापस बुलाने के फैसले के बाद अब भारत सरकार ने देश से कनाडा के 6 राजनयिकों को निष्कासित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए लिखा, भारत सरकार ने निम्नलिखित 6 कनाडाई राजनयिकों स्टीवर्ट रॉस व्हीलर, कार्यवाहक उच्चायुक्त, पैट्रिक हेबर्ट, उप उच्चायुक्त, मैरी कैथरीन जोली, प्रथम सचिव, लैन रॉस



डेविड ट्राइट्स, प्रथम सचिव, एडम जेम्स चूइपका, प्रथम सचिव, पाउला ओरजुएला, प्रथम सचिव को निष्कासित करने का निर्णय लिया है।

### 19 अक्टूबर तक छोड़ना होगा देश

विदेश मंत्रालय ने बताया कि इन अधिकारियों को शनिवार, 19 अक्टूबर 2024 को रात 11.59 बजे तक या उससे पहले भारत छोड़ना होगा। *(शेष पृष्ठ 7 पर...)*

## आंख दिखाने से भी डरेंगे दुश्मनः अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

नई दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों की निगरानी क्षमता को मजबूत करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच 32,000 करोड़ रुपए के रक्षा सौदे पर मंगलवार (15 अक्टूबर) को हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस सौदे के तहत भारत 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा, साथ ही इन ड्रोन के लिए देश में मरम्मत, रखरखाव और ओवरहॉल (एमआरओ) की सुविधा भी स्थापित की जाएगी।



**32,000 करोड़ रुपए के सौदे पर हस्ताक्षर**

### भारतीय नौसेना को मिलेंगे 15 ड्रोन

पिछले हफ्ते, कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) ने 31 प्रीडेटर ड्रोन की खरीद को मंजूरी दी थी। इनमें 15 ड्रोन भारतीय नौसेना को मिलेंगे, जबकि बाकी ड्रोन को वायुसेना और सेना को एक समान मिलेगा। अमेरिका के साथ यह रक्षा सौदा विदेशी सैन्य बिक्री (एफ एमएस) कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है।

रक्षा अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार, 15 अक्टूबर को इस सौदे पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस मौके पर अमेरिका की सैन्य और कॉर्पोरेट अधिकारियों की एक टीम भी मौजूद रहेगी। भारतीय रक्षा विभाग के वरिष्ठ *(शेष पृष्ठ 7 पर...)*




## डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर आज आयेंगे मुख्यमंत्री


राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज 15 अक्टूबर को विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोपहर 3.10 बजे बस्तर जिले से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.10 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचेंगे।





मुख्यमंत्री शाम 4.15 बजे से शाम 4.30 बजे तक पुलिस लाईन राजनांदगांव में उत्कृष्ट खिलाड़ियों से भेंट करेंगे। वे शाम 4.30 बजे पुलिस लाईन राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.40 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। शाम 4.40 बजे से शाम 7.50 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री शाम 7.50 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 7.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। शाम 7.15 बजे से रात्रि 8.15 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रात्रि 8.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर रात्रि 8.30 बजे म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण राजनांदगांव में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री रात्रि 10 बजे म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण राजनांदगांव से कार द्वारा मुख्यमंत्री निवास रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।






# मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में शरद पूर्णिमा पर 16 अक्टूबर को बांटी जाएगी जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद



राजनांदगांव (दावा)। मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम परिसर में शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर बुधवार की रात्रि में मनाई जाएगी। इस अवसर पर स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा की भी प्रस्तुति रात्रि में होगी।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में संपन्न होने के बाद संस्था द्वारा मानव एवं जनकल्याण के तहत स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को पिछले 27 वर्षों से दुर्लभ जड़ी बुटियां एकत्रित कर पौराणिक मान्यताओं अनुसार जड़ी बुटी युक्त खीर प्रसादी तैयार कर स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को ब्रम्हमुहूर्त में वितरित की जाती है। इस वर्ष भी संस्था द्वारा लगभग 30 हजार से भी अधिक पीड़ितों के लिए खीर प्रसाद तैयार करवाया जा रहा है। जिसे शरद पूर्णिमा की रात्रि चन्द्रकला से प्राप्त होने वाली अमृतरूपी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इसके लिए संस्था ने व्यापक पैमाने पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वहीं पीड़ितों से पंजीयन कराने की अपेक्षा की है। पीड़ित प्रसाद ग्रहण करने से 6 घंटा पूर्व व पश्चात न सोये। संस्था द्वारा लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने की दृष्टिकोण से प्रतिवर्ष विलुप्त होती व मनोरंजन के भरपूर रहने वाली नाचा पद्धति के अलावा लोक कलामंच व लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष भी संस्कारधानी के लोक कलाकार विष्णु कश्यप द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा के कलाकारों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, जस व पारंपरिक गीत व नृत्य के अलावा हास्य व्यंग्य प्रहसन प्रस्तुत किया जाएगा।

### लोक कलामंच स्वरधारा की होगी प्रस्तुति

संस्था ने आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम से भी सहयोग मांगा है। संस्था के द्वारा श्रद्धालुओं से अपेक्षा की गई है कि वे अपना पंजीयन मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ पहुंचकर अवश्य कराएं। इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, श्रीगुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यगण तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

## डॉ. रमन सिंह ने शत्रुघ्न सिंह राजपूत की बाल कविता का किया विमोचन



राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्र के विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विजयादशमी के अवसर पर अपने निवास में आयोजित एक कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ कवि/साहित्यकार शत्रुघन सिंह राजपूत के बाल-काव्य संग्रह का विमोचन किया। श्री राजपूत रचित बाल कविता 'अभी-अभी खिले फूल' के संबंध में डॉ. सिंह ने अपने उद्बोधन में बाल-काव्य संग्रह 'को बच्चों के लिए उपयोगी एवं प्रेरणापरक बताया और इसके लेखक राजपूत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व मीडिया प्रभारी योगेश दत्त मिश्रा उपस्थित थे।

## आज डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर कवि सम्मेलन



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व राजनांदगांव के लाडले विधायक विकास पुरूष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन 15 अक्टूबर दिन मंगलवार को शहर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने श्री सिंह को जन्मदिन की बधाई देने के साथ म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में कवि सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव के लाडले विधायक डॉ. रमन सिंह (अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा) के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित विराट कवि सम्मेलन 15 अक्टूबर दिन मंगलवार समय रात्रि 8:00 बजे कार्यक्रम स्थान म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। कवि सम्मेलन में कविगण में डॉ. कुमार विश्वास, सुरेन्द्र दुबे, डॉ. सुमन दुबे, कविता तिवारी व दिवेश बादरा शिरकत करेंगे। श्री बैद ने कवि सम्मेलन कार्यक्रम में लोगों को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## पहला कॉलम...

### धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर बाबा साहब को किया गया नमन



राजनांदगांव (दावा)। समाज के सक्रिय युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा आज 14 अक्टूबर धम्मचक्र प्रवर्तन के दिन कलेक्टर परिसर राजनांदगांव में पहुँचकर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया, तत्पश्चात संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया, जिसमें मुख्यरूप से दिलीप डोंगरे, संतोष बौद्ध, मोनू खोब्रागढ़े, कृष्णा तिवारी, राजू बारमाटे, दीपेश शेंडे, पीयूष ऊके, नीलेश ठावरे, निखिलेश श्यामकुवर, गौरीशंकर शेंडे उपस्थित रहे।

### श्री रामलला दर्शन के लिए 93 यात्रियों का दल रवाना

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन की महती योजना श्री रामलला दर्शन योजना के तहत जिले के नागरिक एवं बुजुर्ग श्रद्धालु अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर रहे हैं। श्री रामलला दर्शन के लिए जिले के बुजुर्ग श्रद्धालुओं का दल प्रतिमाह अयोध्या जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज सुबह जिले के 93 यात्रियों का दल को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर दुर्ग रेल्वे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। दल में 91 तीर्थयात्री एवं उनके साथ 2 अनुरंक्षक (एस्कार्ट) शामिल है। यात्रियों को आईआरटीसीआई द्वारा काशी विश्वनाथ एवं अयोध्या दर्शन कराकर 18 अक्टूबर को वापस पहुंचाया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए वरिष्ठ लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी छत्रपास सिंह एवं खंड स्तरीय बहुउद्देशीय कार्यकर्ता जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सुश्री संगीता राजपूत को अनुरंक्षक सहायक के रूप में साथ रहेंगे। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत डीके कौशिक, उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर, पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठक जनपद पंचायत राजनांदगांव हेमचंद देशलहरे, करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ छत्रपास सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

### चंद्रेश सिंह बघेल का निधन



खैरागढ़ (दावा)। राजपरिवार के सदस्य चंद्रेश सिंह बघेल ग्राम खैरबना निवासी का 67 वर्ष की उम्र में रायपुर में हृदयघात से सोमवार 14 अक्टूबर को निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम खैरबना में किया गया। वे वरिष्ठ भाजपा नेता सिद्धार्थ सिंह, दुर्गेश सिंह के छोटे भाई एवं कृषि उपज मंडी के सचिव सुदेश सिंह (मुन्ना) के बड़े भाई, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के चाचा व जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी के ससुर जी थे।

## प्रखर वक्ता डॉ. चंद्रकुमार जैन का निधन



### आज बिलासपुर में होगा अंतिम संस्कार

राजनांदगांव (दावा)। ख्याति प्राप्त उद्घोषक और स्थानीय दिग्विजय महाविद्यालय के सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक डॉ. चन्द्रकुमार जैन का आज दोपहर बिलासपुर में निधन हो गया। वे लगभग 64 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से बीमार थे।

डॉ. चंद्रकुमार जैन अपने पीछे अपनी माता जी श्रीमती चंदा बाई जैन, एक पुत्र हिमांशु जैन और एक पुत्री श्रीमती अंशु जैन का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार कल 15 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम (बिलासपुर) में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके सुपुत्र हिमांशु जैन के निवास वी/4 भारतमाता स्कूल रोड रेल्वे ऑफिसर कॉलोनी बिलासपुर से निकलेगी। एक अगस्त 1960 को डोंगरगांव में जन्में डॉ. चंद्रकुमार जैन ने अपनी प्रतिभा को लगातार परिमार्जित किया। महाविद्यालयीन छात्र के रूप में 1986 में उन्होंने अ.भा. अंतर विश्वविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता में पंतनगर (नैनीताल) में प्रथम स्थान प्राप्त कर लोगों का ध्यान खींचा। डॉ. जैन का शैक्षणिक कैरियर काफी समृद्ध था। वे न केवल हिन्दी अपितु अंग्रेजी, दर्शन शास्त्र, समाज शास्त्र और गांधी दर्शन में भी स्नातकोत्तर उपाधिधारी थे। इसके अलावा वे विधि स्नातक और पीएचडी उपाधि प्राप्त भी थे। सम्पादन कला में प्रवीण डॉ. जैन ने अनेक विशेषांकों का संपादन कर अपनी योग्यता का परिचय दिया। अनेक स्मारिकाओं, सामाजिक पत्रिकाओं सहित 'नयसार से महावीर तक', सीप के मोती, नित्य जीवन साधना जैसी उनकी संपादित कृतियां प्रकाशित हुई।

डॉ. जैन ने संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की कालजयी कृति 'मूक माटी' पर केन्द्रीत अपना शोध प्रबंध लिखा, जिस पर उन्हें पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई। डॉ. जैन की चुनी हुई कविताओं का एक संग्रह 'एक दीप सूरज के आगे' भी प्रकाशित हुआ है। एक कुशल वक्ता एवं वाद-विवाद तथा भाषण प्रतियोगिताओं के सफलतम प्रतियोगी का उनका रूप भी लोगों ने देखा और परखा था। डॉ. जैन ने अपनी लगन और परिश्रम से संघर्षरत रहकर अपने व्यक्तित्व का सतत विकास किया और एक प्रभावी वक्ता, पत्रकार, व्याख्याता, प्राध्यापक और कुशल कार्यक्रम संयोजक के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी। सैकड़ों कार्यक्रमों का मंच संचालन करने वाले डॉ. चंद्रकुमार जैन के लिए गोंदिया में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा के कार्यक्रम का संचालन करना उनका उद्दाम था। उनकी बहुआयामी उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने उन्हें यति यतनलाल सम्मान से विभूषित किया था। डॉ. जैन का निधन राजनांदगांव के कला एवं साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

## राष्ट्रीय सीनियर भारोत्तोलन स्पर्धा में राजनांदगांव के जगदीश विश्वकर्मा को मिला गोल्ड मेडल




राजनांदगांव (दावा)। खेलो इंडिया अकादमी नगरोटा बगवां में चल रही महिला पुरूष की राष्ट्रीय भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) चैम्पियनशीप स्पर्धा सब जूनियर, जूनियर और सीनियर केटेगरी में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव जिला जय भवानी व्यायाम शाला की वेट लिफ्टर आर्मी कैम्प पुणे में अभ्यासरत एस.एस.सी.बी. की टीम से जगदीश विश्वकर्मा प्रतिनिधित्व करते हुए 102 किग्रा. वर्ग समूह में सबको पीछे छोड़ स्वर्ण पदक पर अपना नाम किया। प्रतियोगिता के संबंध में जिला राजनांदगांव भारोत्तोलन संघ व जय भवानी व्यायाम शाला के अध्यक्ष अमीत आजमानी ने बताया कि जगदीश विश्वकर्मा 353 किग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 157 किग्रा स्नैच और 196 किग्रा. क्लीन जर्क कुल वजन 353 किग्रा. भार उठाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। जगदीश विश्वकर्मा स्नैच का पुराना रिकार्ड 152 किग्रा. स्नैच को तोड़कर नया रिकार्ड 157 किग्रा. वजन उठाकर नया रिकार्ड बनाकर नया किर्तीमान बनाया। आजमानी जी ने बताया कि जगदीश विश्वकर्मा स्नैच में नया रिकार्ड बनाकर राजनांदगांव जिला व जय भवानी व्यायाम शाला का मान बढ़ाया। जगदीश विश्वकर्मा राजनांदगांव की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय वेट लिफ्टर खिलाड़ी है और प्रथम गोल्ड मेडल लाने वाला खिलाड़ी जगदीश विश्वकर्मा 2011 में कैप्टाउन (दक्षिण अफ्रीका) यूथ कॉमन वेल्थ गेम्स में राजनांदगांव के लिए पहला गोल्ड मेडल लाने वाला पहले खिलाड़ी हैं। जगदीश विश्वकर्मा खेल की शुरूआत जय भवानी व्यायाम शाला से किया। व्यायाम शाला के प्रशिक्षक अशोक श्रीवास के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर आर्मी कैम्प व आर्मी टीम में शामिल हुआ। जगदीश विश्वकर्मा फिर मेडल की लाईन लगा रखा है। जगदीश विश्वकर्मा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खेल अलंकरण अवार्ड शहीद पंकज विक्रम, शहीद कौशल यादव, शहीद राजीव पाण्डेय जैसे अवार्ड से नवाजा जा चुका है। जगदीश विश्वकर्मा के इस सबसे बड़े उपलब्धि पर गौरवान्वित है। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

## भाजपा का सदस्यता अभियान एक पखवाड़े और बड़ा




### सदस्यता व सक्रिय सदस्यता अभियान एक साथ चलेगा- संजय श्रीवास्तव

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा की सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर प्रमुख नेताओं की एक बैठक आज दिनांक 14 अक्टूबर को पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने सदस्यता अभियान एक पखवाड़े तक और बढ़ाने की घोषणा करते हुये कहा कि पार्टी द्वारा दिये गये लक्ष्य में कुछ कमी रह गई है जिसे पूरा करने के लिये कार्यकर्ताओं को 31 अक्टूबर तक का समय और दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पार्टी का सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर तक निर्धारित था, जिसे अब बड़ा दिया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संजय श्रीवास्तव ने आगे कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अब कमजोर बूथ व कमजोर शक्ति केन्द्रों पर दृष्टि जमाये ऐसे बूथों व शक्ति केन्द्रों का चयन करे और बड़े हुये समय का लाभ उठाते हुये ऐसे केन्द्रों में जमीनी मेहनत कर उन्हें सशक्त बनायें।

उन्होंने मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान के प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने स्वागत भाषण दिया व सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता के लिये कार्यकर्ताओं को जूट जाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा व आभार प्रदर्शन दिनेश गांधी ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, गीता घासी साहू, सचिन सिंह बघेल, एम.डी.ठाकुर, प्रदीप गॉधी, दिनेश गॉधी, चन्द्रिका डडसेना, राजेश श्यामकर, आलोक बिंदल, रवि सिन्हा, आभा तिवारी, विनोद खाण्डेकर, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, रविन्द्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, कैलाश शर्मा, किशुन यदु, गिन्नी चावला, रघुवीर वाधवा, अतुल रायजादा, शिव वर्मा, किरण साहू, रोहित चन्द्राकर, जागेश्वर साहू, अमित जैन, रामकुमार गुप्ता, बोधीराम साहू, बोधन साहू, मोनू बहादुर सिंह, जैनकुमार मेश्राम, बलवंत साहू, रविन्द्र रामटेके, जयंत मेश्राम, हकीम खान, राजेश अग्रवाल, हर्ष रामटेके, गोलु गुप्ता, दादू सोनकर, संतोष गुप्ता, महेन्द्र पटेल, अशोकादित्य श्रीवास्तव, मनोज साहू, कृष्णा तिवारी, इरफान शेख, गुलाब वर्मा, राकेश ठाकुर, मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

## एनबीआईएस, बोरी में शाला परिवार द्वारा विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी द्वारा भारत देश के दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा तथा राजनांदगाँव की प्रमुख शिक्षाविद् रही डॉ. हेमलता मोहबे मैम को विशेष सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। रतन टाटा न केवल भारत देश अपितु विदेशों में भी अपना परचम लहराये है। एक उद्योगपति होने के साथ-साथ एक महान समाजसेवी भी रहे, जिन्होंने निरंतर समाज के हित में कार्य किया है। आज देश के हर नागरिक को रतन टाटा पर गर्व है। इसी तरह राजनांदगाँव की शिक्षाविद् रही डॉ. हेमलता मोहबे के आकस्मिक निधन पर दोनों दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। एनबी ग्रुप से सभी शालाओं का उद्घाटन डॉ. हेमलता मोहबे मैम के कर कमलों से ही संपन्न हुआ। श्री बाजपेयी की शिक्षिका रही मोहबे मैम हमेशा एक मार्गदर्शक, एक आदर्श, एक प्रेरणास्वरुप के रुप में रही है। इस श्रद्धांजलि सभा में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक तथा बच्चों ने मौन रहकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

## मोदी सरकार ने पूरे देश में युवाओं के कौशल विकास के लिये सार्थक प्रयास किया - मधुसूदन यादव

### डॉ. रमन के जन्मदिन पर दिग्विजय कॉलेज में युवा प्रतिभा खोज परीक्षा एवं युवा सम्मान समारोह का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। आयोजक मंडल छात्र युवा मंच राजनांदगांव द्वारा डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्थानीय दिग्विजय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 13 अक्टूबर को छात्रों के हितार्थ विविध कार्यक्रम आयोजित किये। इसमें मुख्य रूप से युवा प्रतिभा खोज परीक्षा का ऑनलाईन माध्यम से आयोजन, युवा सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण सह कैरियर मार्गदर्शन संबंधी प्रश्नमंच का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि छात्र युवा मंच द्वारा विगत 11 वर्षो से लगातार डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह आयोजन युवाओं में जागृति लाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के सद्उद्देश्य से आयोजित किया जाता रहा है। छात्र युवा मंच में इस आयोजन में 60 विभिन्न स्कूलों के 1690 बच्चों ने प्रतिभा खोज परीक्षा में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव उपस्थित रहे।

गणमान्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, कमला कॉलेज के गणित विभागाध्यक्ष प्राध्यापक ओंकार लाल श्रीवास्तव, समीर गजभिये संचालक तथागत ट्यूटोरियल्स, पार्षद शिव वर्मा, पूर्व पार्षद देवशरण सेन, भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारी चैन दास जंघेल, समाजसेवीगण सर्वश्री संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, प्रियंक सोनी, नोमेश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पूर्व सांसद मधुसूदन ने परीक्षा के विजेता प्रतिभागियों को अपने हाथों से नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। आयोजन में मुख्य अतिथि की आसंदी से सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद मधु ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में मोदी सरकार द्वारा कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए कृषि, तकनीकी, चिकित्सा शिक्षा आदि के क्षेत्रों में संसाधन उपलब्ध कराकर युवाओं के स्किल डेव्हलपमेंन्ट का सार्थक प्रयास किया गया है। उन्होंने छात्रों से निराशावादी मानसिकता का त्याग करके सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने एवं अपनी कमियों को पहचान कर उन्हें अपनी ताकत बनाते हुए अपने जीवन लक्ष्य हासिल करने के लिये प्रोत्साहित किया।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-3-4
126-9 245-1
राजधानी
7-8-9
100-1 344-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
वेट्टैयन द हंटर
कलाकार - रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, राणा दग्गूबाती, फहद फासिल आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
12th OCT to 17th OCT 2024
silver SCREEN




Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Jigra (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 & 09:00 pm
Vettaiyan (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

किराये से देना है
कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।
-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल**
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज

बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

राजनांदगांव, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024






















## अनमोल दावा

**जीवन उसी का मस्त है जो स्वयं के कार्य में व्यस्त है परेशान वही है, जो दूसरों की खुशियों से त्रस्त है।**

# उपेक्षित जीवन जीने को मजबूर बुजुर्ग, समाज और राष्ट्र का भविष्य होते हैं वरिष्ठजन

उपेक्षित जीवन जीने को मजबूर बुजुर्ग, समाज और राष्ट्र का भविष्य होते हैं वरिष्ठजनअमेरिका कनाडा यूरोप और एशिया के विभिन्न देशों में आम नागरिकों को श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाएं मिलने से वहां की औसत आयु 80 वर्ष को भी पार कर गई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वरिष्ठ नागरिकों के पास एक लंबा कौशल और अनुभव होता है परंतु हमने उन्हें निरर्थक एवं अनुपयोगी समझकर अपनी सामाजिक पूंजी से अलग कर दिया है। देश के सत्तर साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को बीते दिनों सरकार ने आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने का निर्णय लिया। इसके तहत करीब छह करोड़ वरिष्ठजनों को पांच लाख रुपये का बीमा कवरेज मिलेगा। बुजुर्गों के लिए केंद्र सरकार की यह योजना अनायास नहीं है। हाल में प्रकाशित चार रिपोर्टों में देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी का आकलन किया गया है। इन सभी ने केंद्र सरकार का भी ध्यान खींचा है।

इनमें पहली रिपोर्ट कुछ भारतीय और अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन पर आधारित है। उनका यह अध्ययन प्लस वन नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इससे पता चलता है कि आज देश का हर चौथा बुजुर्ग स्मृति लोप, भाषा का ठीक से प्रयोग न करने, सोचने-समझने एवं निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाने तथा अपने दैनिक कामों में समस्या का अनुभव करने जैसी दिक्कतों से जूझ रहा है।दूसरी रिपोर्ट एसबीआइ की है जिसमें कहा गया है कि भारत की कामकाजी आबादी की औसत आयु 2021 में 24 वर्ष के मुकाबले 2024 में बढ़कर 28-29 वर्ष होने की संभावना है। आज चीन की कामकाजी औसत आयु 39.5 साल है। वहीं यूरोप में यह 42 साल, उत्तरी अमेरिका में 38 साल तथा एशिया में 32 साल है। वैश्विक स्तर पर यह औसत आयु 30.4 वर्ष है। वर्ष 2001 में बुजुर्गों की जो आबादी 7.9 करोड़ थी, वह 2024 में बढ़कर 15 करोड़ हो गई है।बुजुर्गों की यह आबादी देश की कुल जनसंख्या का 10.7 प्रतिशत है। इनमें 7.7 करोड़ पुरुष तथा 7.3 करोड़ महिलाएं हैं। 2001 में जो कामकाजी आबादी 58.6 करोड़ थी, 2024 में इसके 91 करोड़ रहने की संभावना है। इस प्रकार जल्द ही देश की कुल आबादी में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी कामकाजी लोगों की होगी।इस कड़ी में मेन एंड वीमेन नामक तीसरी रिपोर्ट केंद्र सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय की है। यह बताती है कि 2036 तक देश में बच्चों एवं किशोरों की आबादी में तेजी से गिरावट आएगी। दूसरी ओर बुजुर्गों और मध्यम उम्र के लोगों की संख्या बढ़ेगी। वर्तमान आबादी में 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का प्रतिशत 9.5 है। वहीं 2036 में बुजुर्गों की आबादी बढ़कर 13.9 प्रतिशत हो जाएगी। चौथी रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की भारत प्रमुख एंड्रिया वोजनार के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान से जुड़ी है।

उनके अनुसार भारत में अगले 25 वर्षों में देश की आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या बढ़कर 20.8 प्रतिशत हो जाएगी। अर्थात देश में हर पांचवां व्यक्ति बुजुर्ग होगा। यूएनएफपीए के अनुसार 2024-2050 के बीच देश की कुल आबादी 18 प्रतिशत ही बढ़ेगी, मगर वृद्ध जनसंख्या में 134 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होगी। देश की आबादी में जिस प्रकार बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है उससे देश में कामकाजी युवाओं और वृद्धजनों के बीच असंतुलन आने के आसार बढ़ रहे हैएक खास बात यह भी है कि विकसित देशों मसलन जापान,ांस, जर्मनी, आस्ट्रेलिया एवं ब्रिटेन जैसे देशों में जनसंख्या के बढ़ने का स्तर अमूमन शून्य हो चुका है। निःसंदेह भविष्य में वहां वृद्धजनों की संख्या बढ़ेगी और कार्यशील जनसंख्या कम होती जाएगी जिससे उत्पादन स्वतः ही घटेगा। हालांकि भारत में ऐसा नहीं है।उपरोक्त चारों रिपोर्टों का सार यह है कि यहां अगर बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है तो उससे कहीं बढ़े हुए अनुपात में कामकाजी युवक-युवतियों की संख्या भी बढ़ रही है। आज ब्राजील, रूस, भारत और चीन में जन्म दर और जनसंख्या वृद्धि दर लगातार घट रही है। भविष्य में केवल भारत देश ही ऐसा होगा, जहां की कार्यशील और ज्ञानाश्रित युवा जनसंख्या संपूर्ण विश्व में अपना परचम फहराएगी।आज देश में बुजुर्गों से जुड़े सामाजिक ढांचे तथा युवाओं और वरिष्ठजनों के बीच बढ़ रहे पीढ़ीगत अंतराल और जनसंख्यात्मक असंतुलन को लेकर चिंता अधिक है। यदि देश के युवाओं की ऊर्जा, शक्ति, उत्साह और सामर्थ्य देश के काम आएगा तो उसी अनुपात में देश के वरिष्ठजनों का लंबा अनुभव भी इन युवाओं की सुरक्षा में ढाल का कार्य करेगा। किसी भी देश को महान वहां के रहने वाले लोग बनाते हैं और यही लोग आगे चलकर उस महान देश के महत्वपूर्ण नागरिक बन जाते हैं, परंतु भारत जैसे सुसंस्कृत देश के बुजुर्ग नागरिक यहां उपेक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। अमेरिका और यूरोप में किसी भी राजनीतिक दल में इतना साहस नहीं है कि वे वहां के वरिष्ठ नागरिकों की अनदेखी कर सकें।

# कांग्रेस से तुम हो तुम से कांग्रेस नहीं

**शकील अख्तर**

कांग्रेस ने नहीं समझा, दूर नहीं किया तो आगे भी उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस के मठाधीशों की यह कहानी लंबी है। लेकिन इसका तोड़ बहुत छोटा है। हाईकमान की सख्ती। क्षत्रपों को हमेशा बताते रहना कि कांग्रेस से तुम हो। तुम से कांग्रेस नहीं। कितने उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ पागल ही हो गए थे। खुद को भावी मुख्यमंत्री लिखवाने लगे थे। बुरी तरह हरवाया मध्य प्रदेश। फिर बेटे को लेकर बीजेपी में जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस अभी भी उन पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत नहीं कर रही। हरियाणा में क्या हुआ?

हरियाणा में क्या हुआ? कोई नहीं समझ पा रहा। कांग्रेस ईवीएम को दोष दे रही है। हो सकता है। ईवीएम हमेशा शक के दायरे में रही। और कांग्रेस ही नहीं खुद भाजपा ने इस पर कई बार ऊंगलियां उठाईं। भाजपा नेता जीवीएल नरसिम्हा राव ने डेमोक्रेसी एट रिस्क! कैन वी ट्रस्ट अवर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन? पूरी किताब लिख दी थी। भाजपा नेता लालकृष्ण आडवानी ने इसकी भूमिका लिखी थी। किताब में ईवीएम को पूरी तरह बेईमानी का जरिया बताया गया था। आडवानी और दूसरे भाजपा नेताओं ने पूरे देश में घूम घूम कर ईवीएम का विरोध किया था। यह 2009 के लोकसभा चुनाव के भाजपा की हार के बाद की बात है।

कांग्रेस ने 2018 में इसके खिलाफ अपने राष्ट्रीय अधिवेशन ( प्लेनरी ) में प्रस्ताव पारित किया। अभी लोकसभा चुनाव के पहले भी सवाल उठाए। मगर इसे एक सबसे बड़ा मुद्दा बनाने का ज्यादा प्रयास कभी नहीं किया। मुद्दा उठाया। छोड़ दिया। अब हरियाणा की अविश्वसनीय हार के बाद फिर सवाल उठाया है। सही है। उठाना चाहिए। लेकिन कुछ सवाल खुद से भी करना चाहिए। एक, हरियाणा एक ऐसा राज्य था जहां कांग्रेसी बहुत दबंग थे। दस साल के भाजपा शासन में भी उनके कोई काम रुकते नहीं थे। कोई गिरफ्तार नहीं हुआ। किसी के यहां ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई के बड़े छापे कभी नहीं पड़े। जैसे उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ता परेशान रहे वैसे हरियाणा में नहीं हुए। तो ऐसे राज्य में अफसर ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ की कितनी हिम्मत कर सकते हैं? और उस स्थिति में जहां खुद बीजेपी को जीत का यकीन नहीं हो। कांग्रेस जोश में बीजेपी पस्त फिर अफसरों की हिम्मत कैसे पड़ी?

यह हम पहले भी लिख चुके हैं कि करने वाला तो आदमी होता है। और अगर उसे डर हो कि यह सब चीज नोटिस की जा रही है और कल गड़बड़ करने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा तो वह गलत काम करने से डरेगा। हरियाणा में यह कैसे हुआ इसे कांग्रेस को अपनी भी एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर समझाना पड़ेगा। चुनाव आयोग में तो जाएं। मगर खुद भी वन्स एंड फारएवर इस मुद्दे को हल करना होगा।

जब 2018 में दिल्ली के कांग्रेस अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया गया था। ईवीएम के खिलाफ तब राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। हमने तब भी लिखा। 2019 कांग्रेस के लोकसभा हारने के बाद भी लिखा कि एक उच्चस्तरीय कमेटी जिसमें तकनीकी विशेषज्ञ हों, चुनाव आयोग के पूर्व आयुक्त हों, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज हों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हों इन सबको लेकर बनाना चाहिए। कांग्रेस की अभी इतनी खराब स्थिति नहीं आई है कि उसे लोग नहीं मिलें। ऐसी कमेटी पूरी स्टडी करके रिपोर्ट लेकर आती है तो उसका असर होगा। सुप्रीम कोर्ट जाने का भी एक मजबूत आधार होगा। अभी भी बना सकती है। हरियाणा एक बड़ा आधार है। इससे माहौल भी बनेगा और एक बड़ा इश्यू सैटल होने में मदद भी मिलेगी।



लेकिन सिर्फ इस एक मुद्दे पर अड़े रहने से कांग्रेस का कुछ फायदा होने वाला नहीं है। यह वही मसल होगी कि ज् दिल तो बढ़ता है तबीयत तो बहल जाती है! बीमारी का इलाज नहीं होगा। जब तक बीजेपी सरकार में है ईवीएम हटाने का कोई सवाल ही नहीं। वह हटाने ही नहीं देगी। इसके लिए कांग्रेस को विपक्ष को सरकार में आना होगा। इसी ईवीएम के असर को रोककर कम करके। अधिकारियों पर दबाव बनाकर कि खबरदार कोई गड़बड़ी करने की कोशिश की तो! लेकिन अब बस यही है कि कांग्रेस करती नहीं है। हरियाणा जहां उसके नेता, कार्यकर्ता इतने दबंग थे वहां नहीं कर पाए तो दूसरे राज्यों जैसे मान लो गुजरात ही है जहां कांग्रेसी सबसे ज्यादा कमजोर है वहां क्या कर पाएगी। राहुल ने हरियाणा में भी कहा और हार के बाद बुधवार को अपनी पहली प्रतिक्रिया में भी कहा मेरे बब्बर शेर! तो यह शेर जब हरियाणा में धांधली नहीं रोक पाए तो दूसरी जगह जहां इनका शेरपन कम होगा वहां कैसे रोकेंगे? राहुल को कांग्रेस को पाइंट पर आना चाहिए। राहुल ने हरियाणा में कुमारी सैलजा और भूपेन्द्र हुड्डा के स्टेज पर हाथ मिलवाते हुए कहा कि मेरे शेर कभी कभी लड़ जाते हैं। फिर इन्हें एक करवाना मेरा काम होता है। सुनने में यह डायलग अच्छा है। मगर बेमतलब। राहुल ने यह कोई पहली बार हाथ मिलवाए। राजस्थान जो ठीक इसी वजह से कांग्रेस हारी वहां भी ऐसे ही गहलोत और सचिन पायलट के हाथ मिलवाए थे। मध्य प्रदेश में भी कमलनाथ और ज्यतिरादित्य सिधिंया के। छत्तीसगढ़ में आखिरी समय में टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाया। उत्तराखंड में चुनाव से पहले हरीश रावत ने कैसे कैसे नाटक किए। जल समुद्र मगरमच्छ! पता नहीं कौन कौन से बिम्ब बनाकर खुद को पीड़ित बताया। पूरी जिन्दगी वे ऐसी ही राजनीति करते रहे। और जब रो रोकर मुख्यमंत्री बन गए तो कांग्रेस के नेताओं के ही फोन उठाना बंद कर दिए। 2016 में जब स्टिंग विवाद में हरीश रावत सुप्रीम कोर्ट से जीत गए तो हाई कमान ने हरीश रावत से विधानसभा भंग करके चुनाव करवाने को कहा। उनके पक्ष में सहानुभूति लहर थी। जीते जाते। मगर उस समय तक वे कांग्रेस के मठाधीश बन गए थे। क्योंमानते? नहीं माने। और फिर 2017 में जो चुनाव हुए उसके बाद से कांग्रेस उत्तराखंड में आई ही नहीं।

कांग्रेस के मठाधीशों की यह कहानी लंबी है। लेकिन इसका तोड़ बहुत छोटा है। हाईकमान की सख्ती। क्षत्रपों को हमेशा बताते रहना कि कांग्रेस से तुम हो। तुम से कांग्रेस नहीं। कितने उदाहरण हैं। मध्यप्रदेश में तो कमलनाथ पागल ही हो गए थे। खुद को भावी मुख्यमंत्री लिखवाने लगे थे। बुरी तरह हरवाया मध्य प्रदेश। फिर बेटे को लेकर बीजेपी में जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस अभी भी उन पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत नहीं कर रही।

हरियाणा में क्या हुआ? कई दिनों तक कुमारी सैलजा कोप भवन में बैठी रहीं। भाजपा और बीएसपी प्रचार करते रहे कि दलित का अपमान हुआ है। मगर सैलजा ने कांग्रेस के पक्ष में कुछ नहीं बोला। उल्टे चैनल चैनल जाकर रोती रहीं कि मुझे टिकट नहीं दिया। इन्चार्ज मुझसे बात नहीं करते हैं। हुड्डा के समर्थक अपने चुनाव प्रचार में बुलाते नहीं।

दूसरे महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने भी इसी राग को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री बनना है। सैलजा को भी बनना। सुरजेवाला को भी भूपेन्द्र हुड्डा अटल बिहारी वाजपेयी का डायलग ले आएज् न टायर्ड हूं न रिटायर। डायलग भी अपने नहीं ला पाते। वह भी बीजेपी के। और सब मुख्यमंत्री बनने के लिए चैनल दर चैनल इंटरव्यू देने लगे। गोदी मीडिया की चांदी हो गई। तीनों के खूब इंटरव्यू लिए और गुटबाजी को खूब हवा दी। अब बीजेपी जीत गई। जिसकी उम्मीद खुद मोदी और अमितशाह को नहीं थी। सारे एक्जिट पोल, ग्राउन्ड रियलटी सब चीख चीख कर कह रहे थे कि बीजेपी गई। वह आ गई। क्या मतलब? विश्लेषण अभी बहुत होंगे। कांग्रेस भाजपा दोनों को करीब करीब बराबर वोट मिले हैं। 39- 39 प्रतिशत। भाजपा के केवल 0.8 (पाइंट आठ) प्रतिशत ज्यादा हैं। मगर भाजपा से नाराज लोगों का वोट बंटा। करीब 20 प्रतिशत वोट बाकी दलों जो सब भाजपा के खिलाफ लड़ रहे थे मिला। और वह अगर यह मान लें कि कांग्रेस के मैनेजमेंट के बाहर की चीज थी। जो वास्तव में थी नहीं, कुछ किया जा सकता था। अगर समय रहते समझते तो। लेकिन चलिए वह छोडिए जो यह मुख्यमंत्री बनने पर बयानबाजी और कांग्रेस को दलित विरोधी साबित करने का खेल हुआ यह हार का निर्णायक कारण रहा।ईवीएम मुद्दा है मगर अपनी गुटबाजी उस पर काबू न पा पाने की कमजोरी को अगर कांग्रेस ने नहीं समझा, दूर नहीं किया तो आगे भी उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

# मन में बसे हैं राम - 287 : प्रतीक्षारत अपार जनसमूह से श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी की भेंट

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



## विचार सरिता

''मुझे वचन दो उर्मिले कि मेरी अनुपस्थिति में तुम्हारी आंखों में कभी आंसू नहीं आएंगे। जब तक मैं वनवास से अयोध्या न लौटूं, चाहे कोई भी परिस्थिति आए, तुम्हारे नेत्रों पर एक भी अश्रु कण नहीं झलकना चाहिए। तुम्हारे मुख पर सदैव आंतरिक प्रसन्नता और आत्मविश्वास की दमक होनी चाहिए। तुम कठिन से कठिन परिस्थिति में भी स्वयं को सदा संयत रखोगी। ''लक्ष्मण जी ने उर्मिला से कहा।

उर्मिला जी के लिए ऐसा वचन दे पाना अत्यंत कठिन था और यह वनवास से भी बड़ी परीक्षा थी कि उनकी आंखों में कभी अश्रु का एक कण भी नहीं दिखाई देना चाहिए।

उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ''ऐसा ही होगा नाथ! मैं आपकी हर इच्छा को पूरा करने का प्रयास करूंगी। जब 14 वर्षों बाद आप लौटेंगे तो मुझे इसी रूप में पाएंगे और मैं आपकी तथा ज्येष्ठ जी और सीता दीदी की अनुपस्थिति में सक्षम न होने पर भी आप लोगों द्वारा निर्वहन किए जाने वाले अनेक दायित्वों को पूरा करने का प्रयत्न करूंगी।''

यह सुनकर लक्ष्मण जी मुस्कुराए और फिर अपने दाहिनी ओर मुड़े। तीनों आगे चल पड़े और अनेक सेवक - सेविकाओं के अभिवादन और प्रणाम का उन्होंने मुस्कुराते हुए प्रत्युत्तर दिया।

राजप्रासाद का अलंकृत भव्य प्रवेश द्वार ऊंचाई पर है और इससे सीढियां भूमि तक जाती हैं। प्रवेश द्वार के पास पहुंचते ही एक अपार जनसमूह ने श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी को देखते ही हर्षनाद किया तथा उनकी जय जयकार की। इस जयध्वनि की अनुगूंज महाराज दशरथ और अन्य रानियों ने भी सुनी तथा समूची अयोध्या नगरी में श्री राम की जय का महाघोष फैलने लगा। एक श्रृंखला सी बन गई और स्थान स्थान पर अभिषेक कार्यक्रम के लिए एकत्र लोग, जो श्री राम के वनवास के समाचार से व्यथित थे, इस घोष में ही अपनी अंतिम आशा ढूंढने लगे।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -207

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती हैं, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 206 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | दद्दू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | बा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

## सू- दोकू क्र. 207

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.206 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |



## सामयिक चर्चा

### छात्रों की, शिक्षक से प्रार्थना

दशहरा अवकाश के बाद
जब स्कूल खुला
तो क्लास टीचर ने
अपने विद्यार्थियों से कहा -
''विद्यार्थियों!
हमें दशहरा महोत्सव पर
इसलिए गर्व है
क्योंकि यह बुराई पर
अच्छाई की जीत का पर्व है।
हॉं! तो बताओ रमेश!
तुमने इस पर्व में कौन सी बुराई छोड़ी ?
रमेश ने उत्तर दिया -
''सर! मैने तय किया
कि पढ़ाई के समय पढ़ाई करूंगा
मोबाईल नहीं देखूंगा।।
सर खुश हो गये बोले- ''शाबाश!
अब तुम बताओ रामप्रसाद?
रामप्रसाद ने कहा-
''अब मैं टी.वी नहीं देखूंगा
मन लगाकर पढ़ाई करूंगा!
सर मुग्ध हो गये, बोले-
''वाह क्या बढ़िया बात।
मनराखन! अब तुम बताओ अपनी बात?''
उसने कहा- ''सर! मैं मटरगश्ती नहीं करूंगा
दाई के साथ सब्जी-भाजी बेचने बैठूंगा।
तभी क्लास कप्तान करण सिंह
हाथ जोड़कर बोला- ''सर!
अब आप हमारी प्रार्थना स्वीकार कीजिए
आज से आप सर!
ये गुटका खाना छोड़ दीजिए।''



गिरीश बख्शी

## कविता

### //आत्मलीन//

जीविका मनुष्य की सदैव सत्य राह हो।
द्वेष त्याग कर्म भाव चित्त में अथाह हो।।
व्यक्ति का कहा-सुना विचार में न ध्यान दे।
नित्य कर्म धर्म में निमग्नता समान दे।।
गोल घूमती धरा टिकी हुई जहाँ धुरी।
देखते सदैव ईश भावना भली बुरी।।
हे मनुष्य चेतना असीम शक्तिमान हो।
विश्व के विकास में नवीन शोध ज्ञान हो।।
स्वार्थ के जहान में रहे नहीं सगे कभी।
क्रोध रोम में भरे लहू धरा लगे कभी।।
लक्ष्यहीन ये मनुष्य छद्म झूठ को चुने।
जिंदगी तनावयुक्त पीर जाल सा बुने।।
हे मनुष्य एक एक श्वांस भी अमूल्य है।
नित्य योग साधना समग्र शांति तुल्य है।।
जन्मभूमि भारती सदैव कीर्ति नाम हो।
जीविका मिले जहाँ सनेह प्राप्त दाम हो।।



प्रिया देवांगन ''प्रियू''
राजिम जिला - गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## राशिफल



**मेष**
आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी विशेष कार्य के प्रति चल रहे प्रयासों के आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। लेकिन अपने उसूलों के साथ आप किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। आज समाज में आपका उचित सम्मान बना रहेगा। आज किसी के साथ भी व्यर्थ के वाद विवाद में नही पड़ेंगे।



**वृषभ**
आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके नए विचार और जागरूकता आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सोल्यूशन मिल जायेगा।



**मिथुन**
आज का दिन उत्तम बना रहेगा। अपने करियर को लेकर आप थोड़ा उलझन में होंगे। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। नौकरी में कार्यभार संबंधित कुछ दिक्कतें आएंगी।



**कर्क**
आज का दिन परिवार वालों के साथ बितेगा। आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। आज की गई मेहनत के भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं।




**सिंह**
आज का दिन सफलता मिलने वाला है। इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज दिखावे की प्रवृत्ति की वजह से बेवजह के कामों में खर्च हो सकता है, अपने बजट को नजरअंदाज ना करें, वरना मुश्किल में पड़ जाएंगे। आज बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे।



**कन्या**
आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। इससे आपको धनलाभ हो सकता है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से आपकी उम्मीदें और आशाएं पूरी होगी। मनपसंद कामों में दिलचस्पी रहेगी।




**तुला**
आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज कोई अच्छी सुचना मिलने से मन खुश रहेगा। आज परिवार के साथ शॉपिंग आदि में भी बेहतरीन समय बीतेगा। आज कोई लक्ष्य हासिल करने में किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा।



**वृश्चिक**
आज का दिन दोस्तों के साथ बितेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने में किसी प्रिय मित्र का विशेष सहयोग रहेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला ना ले।



**धनु**
आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।



**मकर**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज किसी काम में जीवनसाथी और परिवार जनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप भी अपनी व्यस्ततम दिनचर्या में से घर परिवार के लिए समय जरूर निकालेंगे। आज बेवजह की नोकझोंक और वाद-विवाद से दूर रहेंगे तो आपका मानसिक सुकून बना रहेगा।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा। आपके निर्णय को विशेष प्राथमिकता भी मिल सकती है। आज आपको मेहनत के उचित परिणाम मिलने से प्रसन्नता रहेगी।



**मीन**
आज का दिन स्टूडेंट के लिए अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामांजस्य बना रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है।

# शाही बग्घी में सवार होकर राजा आर्यव्रत सिंह निकले, जनता-जनार्दन का किया अभिवादन

## बांके बिहारी मंदिर परिसर से निकली आकर्षक शोभायात्रा व आतिशबाजी के बीच संगीत नगरी में मनी धूम-धाम से विजयादशमी का पर्व

खैरागढ़ (दावा)। रियासतकालीन से चली आ रही परंपरा आज भी कायम है, शाही बग्घी में सवार होकर राजा आर्यव्रत सिंह ने नगर भ्रमण कर जनता-जनार्दन का अभिवादन स्वीकारा, वही उनका जगह-जगह हुआ स्वागत सत्कार। राजघराने की शाही दशहरा सहित नगर दशहरा उत्सव समिति व नगर पालिका के संयोजन में आकर्षक आतिशबाजी के साथ विजयादशमी का पर्व बड़े ही धूम-धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईतवारी बाजार के रावणभाठा में निर्मित 55 फीट ऊँचे रावण का वध आतिशबाजी के साथ रात तकरीबन 11बजे किया गया। वहीं राजघराना दशहरा उत्सव समिति के द्वारा राजा आर्यव्रत सिंह ने रात्रि 12 बजे राजा फतेह सिंह खेल मैदान में राम लक्ष्मण के साथ रावण का वध किया। विजयादशमी का गौरवशाली पर्व शनिवार 12 अक्टूबर को नगर दशहरा उत्सव समिति व नगर पालिका परिषद के संयोजन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बांके बिहारी मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा नगर दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की अगुवाई में निकाली गई। जहां भाजपा के जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा नंद चंद्राकर सहित भाजपा के सभी पार्षदगण व नगरवासी मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ परंपरा अनुसार पंथी नृत्य, राउत नाचा, डीजे व धुमाल सहित बाजे-गाजे के साथ सर्वप्रथम शोभा यात्रा मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर पहुंची जहां माँ दंतेश्वरी की विधिवत पूजा अर्चना पश्चात् शोभायात्रा पुराना थाना, हास्पिटल चौक, मस्जिद चौक, गोल बाजार, बख्शी मार्ग होते हुये ईतवारी बाजार स्थित रावणभाठा पहुंची। इस दौरान राउत नाचा, पंथी नृत्य, धुमाल पार्टी व डीजे की धुन के साथ नगरवासी भी रावण दहन देखने ईतवारी बाजार पहुंचे। रात्रि तकरीबन 10:30 बजे बेमेतरा से पहुंची भव्य आतिशबाजी हुई। जिसके बाद 11 बजे 55 फीट ऊँचे रावण का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री रामाधार रजक, विकेश गुप्ता, टी के चंदेल, अनिल अग्रवाल,जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलीमा गोस्वामी, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, चंद्रशेखर यादव, रेखा गुप्ता, देवीन कोठले, पुष्पा सिंदूर, अजय जैन, शैलेन्द्र वर्मा, दिलीप सिंह राजपूत, सुमीत टांडिया, आलोक श्रीवास,





ज्ञानदास बंजारे, गोरेलाल वर्मा, ऋषभ सिंह, शुभम सिंह, अनिस सिंह, पियुष पटेल सहित भाजपाई मौजूद रहे।

विरासतकालीन परंपरा अनुसार विजयादशमी पर्व में राजा आर्यव्रत सिंह की शाही सवारी निकली। शाम तकरीबन 7 बजे आर्यव्रत सिंह ने कमल विलास पैलेस परिसर पर अपने कुल देवता की पूजा-अर्चना कर निकले और दुर्गा चौंक पहुंचते ही अपने पिता दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर उनका आशीर्वाद लिया। जिसके बाद चौक में विराजमान मां दुर्गा की पूजा-अर्चना पश्चात शाही सवारी राऊत नाचा, पंथी नृत्य और डीजे की धुन पर थिरकते युवाओ के साथ मेन रोड, अंबेडकर चौक, संगीत विश्वविद्यालय परिसर होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंची जहां राजा आर्यव्रत सिंह ने मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर नगर भ्रमण के लिए निकली और जनता का अभिवादन स्वीकार किया, नगर वासियों ने उनका तिलक लगाकर, आरती उतार कर, स्वागत सत्कार किया। शाही सवारी नगर के राजफैमली, हास्पीटल चौक, मस्जिद चौक, गोल बाजार, बख्शी मार्ग, ईतवारी बाजार से किल्लापारा पहुंची, जहां महामाया मंदिर से वापस मुख्य मार्ग होते हुये, पुराना बस स्टैंड, टेम्पो चौक,नया बस स्टैंड से राजा फतेह सिंह खेल मैदान पहुंची। जहां रात तकरीबन 12 बजे आर्यव्रत सिंह ने बेमेतरा की भव्य और रंग बिरंगी आकाशीय आतिशबाजी के बीच रावण के पुतले का दहन किया। जिसके बाद राजा आर्यव्रत सिंह ने जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए उन्हें अभिवादन कर उनका आशीर्वाद लिया, वही उपस्थित पुलिस प्रशासन और मिडिया का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लाल अशोक सिंह, कमल सिंह, रूद्रभूषण सिंह, कन्हैया बैस, सुनीलकांत पांडेय, नीलेन्द्र शर्मा, पं. मिहीर झा, अशोक भंडारी कपिनाथ महोबिया, मनराखन देवांगन, प्रबल खत्री,अरशद हुसैन, हेमंत वैष्णव, यतेन्द्रजीत सिंह, जितेन्द्र सिंह गौर, पलाश सिंह, अमित सिंह, राजेन्द्र सिंह, नित्यशरण सिंह, देवांश सिंह, पुरषोतम वर्मा, किशन रजक, दयाराम पटेल, दिलीप लहरे, जगमोहन टंडन, मनोज बैद, विश्वजीत सिंह, सूरज देवांगन, पूनम राजपूत, मोती पाल, समीर कुरैशी, रतन सिंगी सहित राजपरिवार के सदस्य व समर्थक बडी संख्या में मौजूद रहे।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को पांच-छह महीने से वेतन नहीं

## आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा रोक कर रखा गया श्रम सम्मान की राशि




## भड़के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कल करेंगे कलेक्ट्रेट का घेराव

राजनांदगांव (दावा)। जिले के दैनिक वेतन भोगियो को पिछले पांच - छह महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक रूप से टूट चुके कर्मचारियों ने अपने विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कल 16 अक्टूबर को पूरे जिले भर के कर्मचारी कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे हैं। उक्ताशय के संबंध में जानकारी देते हुए प्रेस क्लब में ली गई प्रेस वार्ता में दैवेभो के कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें विगत पांच-छह महीने से तनख्वाह नहीं मिलने तथा श्रम सम्मान की राशि विभाग द्वारा रोक दिए जाने से बेजार दैवेभो कर्मचारी अपने विभाग के प्रति मोर्चा खोलने का निर्णय ले लिया है।

दैवेभो के संभाग अध्यक्ष विकास देशमुख, प्रमोद कुमार चंदेल, जय सिंह जूरेशिया, सुरेश रावटे, घनश्याम निषाद, खेमराज चंदेल व अश्विनी कुमार आदि द्वारा एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर बताया कि आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत तकरीबन 300 दैवैभो के कर्मचारियों को पांच-छह माह से वेतन नहीं मिल पाया है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। सामने सबसे बड़ा त्योहार दीपावली है।और हम दैवेभो के कर्मचारियों के हाथों में पिछले कई माह से पैसे नहीं हैं। इसके चलते उन्हें घर चलाने में आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। दैवेभो के कर्मचारियों ने बताया कि शासन द्वारा उन्हें श्रमिक सम्मान की राशि प्रदत्त की जाती है। लेकिन वह भी राशि उन्हें नहीं मिल पाई है। जबकि दैवेभो कर्मचारी की उक्त राशि के लिए विभाग से लगातार पत्राचार किया गया है। आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा जवाब दिए जाने के बावजूद सम्मान की राशि अब पर्यंत नहीं दी गई। कर्मचारियों ने बताया कि दैवेभो कर्मचारियों को सिर्फ पहली बार ही एक माह की श्रम सम्मान राशि दी गई है। उसके बाद आज तक कर्मचारियों को उक्त राशि नहीं दी गई है। इससे विभाग के प्रति कर्मचारियों की नाराज़गी बढ़ती जा रही है।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि सहायक आयुक्त के स्पष्ट आदेश के बावजूद श्रम सम्मान की राशि उन्हें नहीं मिल पाई है वहीं दूसरे जिलों में यह राशि दैवेभो के कर्मचारियों को प्रति माह दिया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि विभाग द्वारा संचालित आश्रम, छात्रावासों में कार्यरत दैवेभो के कर्मचारियों को कभी भी समय पर वेतन है नहीं किया जाता। चाहे आबंटन हो या न हो होली-दीवाली जैसे मुख्य पर्वों में भी वेतन भुगतान समय पर नहीं किया जाता। इसके कारण कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक रूप से संताप सहनी पड़ती है। साथ ही कहा गया कि संगठन द्वारा सौपे गए पत्रों का अधिकांशतः जवाब नहीं दिया जाता। जिले में प्रति माह होने वाली परामर्शदात्री समिति की बैठक के संबंध में कभी भी किसी प्रकार सूचना या जानकारी नहीं दी जाती जिससे दैवेभो के कर्मचारियों को आक्रोश की स्थिति निर्मित होती जा रही है। जिसका प्रकटीकरण भी अब होने लगा है। इसके तहत कल 16 अक्टूबर बुधवार को जिले के सभी दैवेभो कर्मचारी व अविभाजित जिले के सभी दैवेभो के कर्मचारियों के साथ प्रदेश स्तरीय संगठन के पदाधिकारियों की राजनांदगांव के कलेक्ट्रेट के सामने उपस्थिति हो रही है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित दैवेभो के कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। इसके बाद भी दैवेभो कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी गई तो संगठन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतरने बाध्य होगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# पहला कॉलम...

## घुमका देवरीडीह में 270 ज्योति कलश का विसर्जन धूमधाम से हुआ



घुमका (दावा)। घुमका में सैकड़ों वर्ष पुरानी माता की मंदिर देवरीडीह में विधि-विधान एवं पूजा अर्चना कर वही से लगा हुआ देवरीडीह सरोवर में विसर्जन किया गया। जहां हजारों के भीड़ माता के विसर्जन में शामिल होकर शोभा बढ़ाया और साथ ही माता के ज्योति कलश की संख्या भी बढ़ते जा रही है। इस कार्य में देवरीडीह समिति के लोगों की मुख्य भूमिका रहती है। अध्यक्ष फूलमति वर्मा सरपंच, दयानंद वर्मा, उपाध्यक्ष जयकुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष नूनकरण वर्मा (सचिव), मोरध्वज द्विवेदी, रामकुमार वर्मा एवं समस्त सदस्यगण एवं ग्रामीणों साथ ही इसी माता के मंदिर में लवणया परिवार के तेज कुमार ठाकुर की 11 वर्षो से यहां पर हजारों लोगों को भंडारा में सहयोग कर अपना पुण्य का लाभ ले रहें।

## तुमड़ीबोड़ में शरद पूर्णिमा के दिन प्रवचन एवं खीर वितरण का आयोजन

तुमडीबोड़ (दावा)। सत्संग समिति तुमड़ीबोड़ द्वारा शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी दिनांक 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के दिन रात्रि 8 बजे से धमतरी जिले के ग्राम परसतराई के प्रवक्ता देवराम धनकर का सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम रखा गया है। सत्संग समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के दिन कार्यक्रम के पश्चात रात्रि में ग्रामवासियों को खीर वितरण किया जाएगा। सत्संग समिति के अध्यक्ष खेलूराम साहू एवं सचिव अमरोतन साहू द्वारा उक्त कार्यक्रम में ग्रामवासियों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। सत्संग समिति द्वारा लगातार विगत 20 वर्षों से ग्राम में धार्मिक एवं सत्संग, प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम समिति के सदस्यगण शंकरलाल साहू (व्याख्याता), पुरूषोत्तम साहू, हेमराय कुंभकार, रामकुमार साहू (महंत), पूरन साहू, उर्वसन साहू, श्यामलाल साहू, राजू साहू, हूमन साहू, संतोष साहू, रिखीराम देवांगन, संतोष श्रीवास, नीलकंठ साहू एवं राजेश साहू आदि तैयारी में लगे हुए हैं।

## कल रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 16 अक्टूबर को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में आदित्य बिरला सन लाईफ इंश्योरेंस कंपनी राजनांदगांव द्वारा फाईनेंनशियल एडवाईजर के 25 पद, श्री राम लाईफ इंश्योरेंस सुंदर नगर चौक रायपुर द्वारा सेल्स मैनेजर के 5 पद एवं सेफ इंटेलीजेंस सिक्युरिटी कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 200 पद व सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 50 पद पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के इच्छुक आवेदक अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है। आवेदकों को सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में उपस्थित होने कहा गया है।

## कल जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति राजनांदगांव की बैठक 16 अक्टूबर को आयोजित की गई है। बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## कल जामरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम जामरी में नवयुवक सरस्वती उत्सव समिति शीतला चौक एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में लहर गंगा लोक कला सांस्कृतिक धनेली का आयोजन कल 16 अक्टूबर को किया गया है। जिसमें आसपास के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की गई है। यह जानकारी भुवनलाल सिन्हा ने दी।

## धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया

डोंगरगढ़(दावा)। बौद्ध अनुयायियों द्वारा 14 अक्टूबर को धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया।आज ही के दिन नागपुर स्थित दीक्षाभूमि में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को अपने लाखों समर्थकों के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा ग्रहण की थी। इस अवसर पर बौद्ध समाज व उनके अनुयायियों ने नागसेन बुद्ध विहार डोंगरगढ़ में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा में, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नगर के बुद्ध विहार एवं कचहरी डोंगरगढ़ में स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद भंते नागरत्नजी द्वारा धम्म वंदना और त्रिशरण बुद्ध वंदना आदि की गई। इस अवसर पर महिला मंडल के सदस्य, बौद्ध समाज व उनके अनुयायियों ने डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर के विचारों को याद कर, उनके सामाजिक योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया।

# प्लेसमेंट कर्मचारी ने मेले के दौरान लाखों कमाए, नियमित कर्मचारियों को दो माह से वेतन तक नसीब नहीं

डोंगरगढ़(दावा)। नवरात्र मेले के दौरान प्लेसमेंट कर्मचारी द्वारा दुकान आबंटन, विद्युत वितरण से लेकर अवैध रूप से ठेला खोमचे वालों से लाखों रुपए की राशि वसूल की गई। जिससे पालिका को लाखों का नुकसान हुआ। मेले के दौरान चंद दिनों में ही पालिका में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी द्वारा लाखों रुपए कमा लिए गए। वहीं दूसरी ओर नियमित कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन का इंतजार है। सीएमओ चंद्रकांत शर्मा ने कहा है कि एक-दो दिन में सभी कर्मचारियों को वेतन दे दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, द्वारा दिनांक 10/10/2024 को समस्त आयुक्त, नगर पालिक निगम, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, को पत्र प्रेषित कर नगरीय निकायों के कार्यरत् अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भुगतान के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया गया था। पत्र में कहा गया है कि, नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन का भुगतान प्रत्येक माह की 07 तारीख के पूर्व करने के निर्देश दिये गये है. विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 13.07.2021 में संशोधन करते हुए प्रत्येक माह की 07 तारीख के स्थान पर माह की



○ राज्य शासन के निर्देश का पालिका प्रशासन कब करेगा पालन

01 तारीख को वेतन का भुगतान करना सुनिश्चित करें। संदर्भित पत्र द्वारा दिये गये शेष निर्देश यथावत् रहेंगे।

डोंगरगढ़ नवरात्र के दौरान मेला ग्राउंड में लगने वाली दुकानों के आवंटन में अनियमितताओं को लेकर धर्मनगरी के पत्रकारों के द्वारा मेला ग्राउंड में लगने वाली दुकानों पर जाकर दुकान आवंटन और विद्युत कनेक्शन को लेकर पूछताछ की गई तो मामला राजस्व चोरी और विद्युत विभाग को चूना लगाने का सामने आया जिस पर पत्रकारों द्वारा जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल को मेला ग्राउंड में लगने वाली दुकानों में बंदरबांट व विद्युत कनेक्शन में किए गए गोलमाल की सूचना दी साथ ही डोंगरगढ़ राजस्व अधिकारी (एसडीएम) मनोज मरकाम को भी इन सभी मामलों से अवगत कराया गया। जिस पर एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा अपने उच्च अधिकारी के आदेश का पालन करते हुए तहसीलदार और नायब तहसीलदार द्वारा एक टीम गठित कर मेला ग्राउंड में लगने वाली दुकानों की संपूर्ण जानकारी सहित जांच कराई गई है। यह जांच नवरात्र मेले के दौरान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस जांच में दुकान आवंटन में हुई अनियमितताओं की जांच में दुकान संचालकों का बयान भी लिया गया। जिसमें दुकान किसी और के नाम से है और उसका संचालन कोई और कर रहा है कुछ दुकान तो ऐसी है जिनका ससमी तक किराए की रसीद भी नहीं काटी गई थी। पूछताछ करने पर पता चला की उनके द्वारा दुकान निर्धारित रेट से अधिक कीमत में ली गई है। जिस कारण उनके पास रसीद मौजूद नहीं है। जब दुकान संचालकों से दुकान में उपयोग हो रही बिजली के लिए मीटर लिए जाने की बात की गई तो उन्होंने एसडीएम द्वारा बनाई गई टीम के समक्ष गोल-मोल जवाब दिया। दुकान संचालकों के गोल मोल जवाब के चलते बिजली चोरी का मामला भी सामने आया है।

# खुज्जी में मना धूमधाम से दशहरा रामलीला की हुई प्रस्तुति

खुज्जी (दावा)। ग्राम राजा खुज्जी में विजयादशमी के अवसर पर लगातार भव्य आतिशबाजी की गई व साथ ही चंदैनी गोंदा का खुमान साव कृत रंगारंग मंचीय कार्यक्रम का भी



आयोजन हुआ। ज्ञात हो कि ग्राम विकास समिति के नेतृत्व में प्रति वर्ष की तरह इस बार भी रामलीला का भव्य आयोजन किया गया। इस बार भी भव्य आतिशबाजी रावण के दहन के साथ 10 बजे प्रारम्भ हुआ साथ ही रात्रि में 11 बजे से चंदैनी गोंदा लोककला मंच की रंगारंग प्रस्तुति हुई देश भर में कल दशहरा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस त्योहार को लेकर हमेशा की तरह लोगों में जबरदस्त क्रेज दिखाई दिया। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाता है। हर शहर में रावण के पुतले को दहन करने की तैयारियां की गई है, विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, और इस दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन करने से मनुष्य को सभी मनोकामनाओं की प्राप्ति होती है।

इसके पीछे हमारे धर्म ग्रंथ में उल्लेख है कि रावण का वध करने के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम को ब्रह्महत्या का पाप लगा था, इसके बाद श्री राम ने भगवान शंकर की पूजा की थी और भगवान शंकर ने विजयदशमी के दिन ही उन्हें नीलकंठ पक्षी के रूप में दर्शन दिया था, जिससे उन्हें लगे ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति मिली थी इसीलिए कहा जाता है कि विजयदशमी के दिन जो भी व्यक्ति नीलकंठ पक्षी का दर्शन करता है उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है। ज्योतिषाचार्य ने यह भी बताया कि विजयदशमी के दिन शमी पेड़ का विधि विधान से पूजन करने और अपराजिता के पूजन का भी विशेष महत्व है, अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा दशहरे के दिन शमी के पेड़ का पूजन किया जाता है तो उसे आरोग्य धन वैभव की प्राप्ति होती है। ग्राम राजा खुज्जी में रावण वध में ग्राम विकास समिति के सदस्यों के साथ, गांव के पंच, उपसरपंच, सरपंच, के साथ जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। राम लीला का सफल संचालन विमल जैन ने किया।

# रेल्वे फुटबॉल ग्राउंड में भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन

डोंगरगढ़ (दावा)। न्यू फ्रेण्ड्स क्लब दशहरा उत्सव समिति द्वारा रेल्वे फुटबॉल ग्राउंड में भव्य आतिशबाजी के साथ( 41वा वर्ष ) रावण दहन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, विशिष्ट अतिथि विनोद खांडेकर (पूर्व विधायक) सुदेश मेश्राम (नगर पालिका अध्यक्ष), डी. एकेश राव( पार्षद वार्ड नं 4), धीरज मेश्राम, अतिथि गण रेल्वे डॉ. डी.संमुख नायक (सी पी एम .), डोंगरगढ़ स्टेशन महाप्रबंधक गुरुचरण शेट्ठी, पुनित राम गनबेर, एस. हनुमन्त राव (रिटायर मेल एक्सप्रेस ड्राइवर)मधु अग्रवाल, श्रीमती संध्या देश पाण्डे , बी.के.तिवारी (शाखा सचिव श्रमिक यूनियन), वेंकट स्वामी-चिन्नी (शाखा सचिव रेल्वे इंस्टीट्यूट) ऋषिकेश चौधरी, मधुसुदन अग्रवाल सहित अन्य शामिल है।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती हर्षित स्वामी बघेल का स्वागत न्यू फ्रेण्ड्स क्लब के अध्यक्ष एन. नागेंद्र कुमार द्वारा किया गया और मुख्यअतिथि हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा राम जी, लक्ष्मण जी का स्वागत किया गया और विशिष्ट अतिथियों द्वारा भी राम लक्षमन जी का स्वागत किया गया। न्यू फ्रेण्ड्स क्लब डोंगरगढ़ के कार्यकारिणी सदस्य कोषाध्यक्ष- मनीष ग्वाला, सहसचिव-एस संतोष कुमार राव, पुरमानन्द कवर,जुनेद अली सदस्य -तरण बोपचे, नरेश वर्मा, सौरभ मेहर, अमिश मरकाम, धन्नू वर्मा, उमेश समुन्द्रे, शशांक सिंह, स्टेण्डली फाक, गुलशन चंद्रवंशी, इमरान, दुर्गेश वर्मा, रितेश हुमने सहित सहित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता पर आमजनों का आभार जताया है।

# सोमनी के दशहरा उत्सव में शामिल हुए नीरज कन्नौजे

राजनांदगांव(दावा)। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर सोमनी में विशाल रावण का रावण का वध किया गया। समारोह में आयोजित रावण वध कार्यक्रम में शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे





खासतौर से शामिल हुए। इस अवसर पर श्री कन्नौजे ने जय श्री राम का उद्घोष करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हम सबके आदर्श हैं। उन्होंने अहंकारी और अधर्मी रावण का वध करके मानव समाज को यह संदेश दिया कि कितना भी बड़ा विद्वान हो कितना भी बड़ा राजनीतिज्ञ हो यदि वह अधर्म के रास्ते पर चलता है और उस पर अहंकार करता है तो उसका पतन निश्चित है।

श्री कन्नौजे ने क्षेत्रवासियों को दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि हम सबको न सिर्फ इस परंपरा को निभाते रहनी हैं। अपितु भगवान श्री राम के आदर्श को आत्मसात करते हुए जीवन जीना है। थोड़ा गंभीर होते हुए श्री कन्नौजे ने यह भी कहा कि जिस तरह से राक्षस राज रावण ने दोहरा चरित्र निभाते हुए साधु का वेश धारण कर जगत जननी सीता माता का अपहरण किया यह घोर अधर्म था। आज कलयुग में भी ऐसे रावण की कमी नहीं है। जो दोहरा चरित्र निभाते हुए स्वयं तो पतन की गर्त में जा रहे हैं और दूसरों के लिए भी परेशानियां खड़ी कर रहा है। आज सबसे ज्यादा जरूरी हमें अपने अंदर की रावण को मारने की जरूरत है। जो अहंकार काम क्रोध लोभ मोह माया छल कपट ईर्ष्या द्वेष आदि के रूप में हमारे अंदर विद्यमान है। जो हमारी बुद्धि रूपी सीता का हरण कर रहे है।

## समारोह में कई वीआईपी हुए शामिल

### नीरज कन्नौजे ने दीपक बैज का किया स्वागत

गत दिवस कमला कॉलेज में विजयदशमी दशहरा उत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हुए। उस दौरान शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर दोनों के बीच विशेष चर्चा भी हुई। इस अवसर पर दशहरा उत्सव समिति व समस्त ग्रामवासी सोमनी के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, कांग्रेस नेता अंगेश्वर देशमुख, प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्र, दीपांकर दुबे, सोनू मिश्रा, जितेंद्र पांडे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दशहरा उत्सव समिति बधियाटोला द्वारा रावण दहन



डोंगरगढ़(दावा)। दशहरा उत्सव समिति बधियाटोला द्वारा आयोजित रावण दहन के कार्यक्रम में रामलीला के मंचन के बाद रावण पुतले का दहन अतिथियों द्वारा किया गया। रंगबिरंगी आतिशबाजी के बीच बच्चों को राम-रावण एवं उनकी सेना के रूप में सजाकर रामलीला का मंचन किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर एवं पार्षद अलका सहारे आदि ने सर्वप्रथम माता की पूजा कर राम सेना का स्वागत किया। आतिशबाजी के बीच राम रावण युद्ध के बाद रावण का दहन किया गया। इस दौरान संतुराव अन्ना,परविंदर सिंग मोंटी, प्रिंस कक्कड़, जगदीश तिवारी, रामकुमार डंडसेना, शंकर चंद्रवंशी, श्यामलाल टेकाम, श्यामाश्रेय, रामसुख निषाद, रामसुख पटेल, नरेन्द्र लाउने सहित अन्य मौजूद थे।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज जिले के प्रवास पर



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का 15 अक्टूबर को जन्मदिन है, इसे लेकर शहर के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है, इस दिन को यादगार बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये है, जिसमें डॉ. रमन सिंह दोपहर से देर रात तक सक्रिय रहने वाले है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे सीआरसी सेंटर ठाकुरटोला राजनांदगांव पहुंचेंगे और ट्राईसायकल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोपहर 12.45 बजे सीआरसी सेंटर ठाकुरटोला से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे स्पीकर हाऊस पहुंचेंगे और प्रधानमंत्री आवास योजना व पोठ्ठ लईका पहल के हितग्राहियों से भेंट करेंगे। दोपहर 2.15 बजे पुखराज कांकरिया के घर कैलाश नगर आगमन एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3.30 बजे से शाम 6 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। शाम 6.15 बजे आजाद चौक में जन्मदिवस कार्यक्रम में शामिल होगे। शाम 7 बजे से रात्रि 8.15 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रात्रि 8.30 बजे म्यूनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल होंगे। वे रात्रि 11.30 बजे स्पीकर हाऊस में रात्रि विश्राम करेंगे।




























## पहला कॉलम...

### आईटी कंपनी के शेयरधारकों को दिवाली से पहले कंपनी देगी बोनस शेयर

मुंबई । आईटी कंपनी विप्रो के शेयरधारकों के लिए अच्छी खबर है। कंपनी अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी करेगी। आईटी कंपनी विप्रो की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, उसके निदेशक मंडल की 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली बैठक में बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगी। विप्रो 17 अक्टूबर, 2024 को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करने वाली है। विप्रो ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी का निदेशक मंडल 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली अपनी बैठक में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव पर विचार करेगा।

विप्रो निफ्टी में शामिल कंपनियों में अपने शेयरधारकों को सबसे अधिक बोनस शेयर जारी किए हैं। कंपनी ने अपने शेयरधारकों को 13 बार बोनस शेयर जारी किए हैं। विप्रो ने 1971, 1981, 1985, 1987, 1989, 1992, 1995, 1997, 2004, 2005, 2010, 2017 और 2019 में शेयरधारकों को बोनस जारी किया है। बेंगलुरू मुख्यालय वाली कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3,003.2 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान राजस्व 3.8 प्रतिशत घटकर 21,963.8 करोड़ रुपये रह गया।

### 2 बच्चों के साथ शिक्षक दंपति ने किया सुसाइड

नई दिल्ली। केरल के एर्नाकुलम जिले में एक ही परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या कर ली। पति-पत्नी दोनों शिक्षक थे। सोमवार सुबह दोनों अपने स्कूल नहीं पहुंचे तब स्कूल ने स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। केरल के एर्नाकुलम जिले से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। चोट्टानिकारा इलाके में सोमवार को दो बच्चों समेत एक परिवार के चार सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पति-पत्नी दोनों शिक्षक थे। वार्ड सदस्य ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो घर पर 12 वर्षीय बेटे और नौ वर्षीय बेटी के शव बिस्तर पर पाए गए, जबकि पति-पत्नी दोनों फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या की गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों की मौत की वास्तविक परिस्थितियों और कारण का पता लगाने के लिए गहन जांच जरूरी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब प्रकाश में आई जब दंपति सोमवार सुबह अपने स्कूल नहीं पहुंचे। उनके स्कूल ने स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी।

### कार को ट्रक ने मारी ठोकर, 5 की मौत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के कानपुर में भीषण सड़क हादसे में पांच लोग की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में चार (प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी) के छात्र-छात्रा हैं और एक ड्राइवर है। यह दर्दनाक हादसा दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर सुबह लगभग 8.30 बजे हुआ। घटना की वजह भौंती बाइपास की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर बताई जा रही है। इस दर्दनाक घटना में मरने वालों में दो छात्राएं, दो छात्र और एक ड्राइवर है। कार में सवार पांचों लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सभी के शव कार में फंस गए, जिसके बाद दरवाजे और छत काटकर सभी के शवों को बाहर निकाला गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार आगे चल रहे दूसरे ट्रक से जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही सचेंडी थाना पुलिस, डीसीपी वेस्ट समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। हादसे के बाद करीब 15 किलोमीटर का जाम लग गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया गया है। मृतकों में बीटेक फर्स्ट ईयर कंप्यूटर साइंस की छात्रा आयुषी पटेल और थर्ड ईयर की छात्रा गरिमा त्रिपाठी, फोर्थ ईयर का छात्र प्रतीक सिंह और थर्ड ईयर का छात्र सतीश शामिल हैं। इनके साथ मरने वालो में कार चालक भी है, जिसकी पहचान सनिगवां निवासी विजय साहू के रूप में हुई है।

### महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तबीयत बिगड़ने के बाद मुंबई के रिलायंस अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे भी मौजूद रहीं। सूत्रों के अनुसार, बताया जा रहा है कि उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी की गई है।अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, उद्धव ठाकरे अभी एक दिन और अस्पताल में रह सकते हैं। मंगलवार शाम या परसों उनको डिस्चार्ज किया जा सकता है। एंजियोप्लास्टी के बाद उद्धव ठाकरे की तबीयत अच्छी बताई जा रही है। डॉक्टरों की टीम का कहना है कि चिंता की कोई बात नहीं है। उद्धव ठाकरे जल्द ही स्वस्थ होकर घर लौटेंगे। ऐसे में उनके समर्थकों का कहना है कि इलाज के बाद महाराष्ट्र चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे। इसके पहले भी साल 2014 में लीलावती अस्पताल में उद्धव ठाकरे को एडमिट किया गया था। जहां उद्धव ठाकरे की एंजियोप्लास्टी की गई थी। जब डॉक्टरों ने उनके हार्ट की तीन मुख्य धमनियों में रुकावटों को दूर करने के लिए 8 स्टेंट डाले थे।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच कल होगी कांटे की टक्कर



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम अब नई सीरीज के लिए तैयार हो रही है। बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में चारोखाने चित्त करने के बाद अब भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इसका पहला मैच 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में खेला जाना है। तीन मैचों की सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाएगी, इसलिए ये और भी ज्यादा अहम हो जाता है। इस बीच सीरीज के शुरू होने से पहले आपको ये जरूर जानना चाहिए कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक कितने टेस्ट हुए हैं और साथ ही दोनों टीमों का हेड टू हेड रिकॉर्ड टेस्ट क्रिकेट में कैसा है।

**भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट में हेड टू हेड**

भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में कुल 62 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 22 मैच भारत ने अपने नाम किए हैं और 16 मैचों में न्यूजीलैंड की टीम ने बाजी मारी है। कुल 27 मैच बराबरी पर खत्म हुए हैं। यानी पलड़ा कहीं ना कहीं टीम इंडिया की ओर झुका हुआ है। साथ ही सीरीज भारत में खेली जाएगी, इसलिए भारतीय टीम को फायदा हो सकता है। लेकिन ये भूलना नहीं चाहिए कि न्यूजीलैंड की टीम भी काफी मजबूत है और उसे हल्के में लेना भारी पड़ सकता है।

**पिछली टेस्ट सीरीज टीम इंडिया ने अपने नाम की थी**

इससे पहले जब साल 2021 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली गई थी। तब कानपुर टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ था, वहीं इसके बाद वानखेड़े में खेला गया मुकाबला टीम इंडिया ने 372 रनों से अपने नाम किया था। इस बार भारत को बस जीत चाहिए, ड्रॉ से काम नहीं चलेगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल एक बार फिर से खेलने के लिए भारत को सीरीज के तीनों मैच जीतने होंगे। ड्रॉ और हार खेल खराब कर सकते हैं। इसे भी ध्यान रखना होगा।

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए अहम है सीरीज**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए टीम इंडिया इस वक्त सबसे बड़ी दावेदार है, लेकिन अभी उसकी सीट पक्की नहीं हुई है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम भले ही पीछे है, लेकिन वो टीम अभी बाहर भी नहीं हुई है। इस वक्त डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में भारत 74.240 पीसीटी के साथ पहले स्थान पर काबिज है। वहीं न्यूजीलैंड की बात की जाए तो ये टीम उसका पीसीटी 37.500 का है। न्यूजीलैंड की टीम इस वक्त छठे नंबर पर है। लेकिन एक ही जीत मिलते ही टीम और भी आगे आ सकती है। ऐसे में भारतीय टीम को सावधान रहना होगा।

न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया: रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, आकाश दीप।

## पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन का ऐलान

नई दिल्ली। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों खेली जा रही है। इंग्लैंड के पास सीरीज में 1-0 की बढ़त है, क्योंकि उसने पहला मुकाबला पारी और 47 रनों से जीता था। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मैच मुल्तान की धरती पर खेला जाएगा। जिसके लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। टीम में नियमित कप्तान बेन स्टोक्स ने वापसी की है, क्योंकि चोटिल होने की वजह से वह पहला टेस्ट मुकाबला नहीं खेले थे। वहीं टीम में मैथ्यू पॉट्स की वापसी हुई है।

दूसरे टेस्ट मैच की इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन से दो प्लेयर को बाहर कर दिया गया है। इनमें गस एटकिंसन और क्रिस वोक्स शामिल हैं। एटकिंसन और वोक्स ने मुल्तान के पहले टेस्ट मैच में क्रमशः 39 और 35 ओवर डाले थे। दूसरी तरफ से बेन स्टोक्स की वापसी के बाद इंग्लैंड की टीम को मजबूती मिलेगी। वह बेहतरीन बैटिंग करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने दम पर इंग्लैंड की टीम को कई मैच जिताए हैं। लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि वह गेंदबाजी करेंगे या नहीं।

पाकिस्तान की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 556 रन बनाए थे। इसके बाद इंग्लैंड की टीम के लिए गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। हैरी ब्रूक ने जहां तिहरा शतक जड़ा था, तो वहीं जो रूट ने दोहरा शतक लगाया था। इसी वजह से इंग्लैंड ने 823 रन बनाकर अपनी पारी घोषित की थी।

फिर दूसरी पारी में पाकिस्तान के बल्लेबाज फ्लॉप रहे और इंग्लैंड के बॉलर्स उनके 10 विकेट लेने में सफल रहे। पाकिस्तान ने दूसरी पारी में सिर्फ 220 रन बनाए और टीम को पहला टेस्ट गंवाना पड़ा। पिछले कुछ समय से पाकिस्तानी टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही है।

## टीवीएस मोटर ने ईकोफाई के साथ की डील, तिपहिया वाहनों पर करेंगे ऑफर

मुंबई । गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी इकोफाई ने तिपहिया वाहनों के लिए कर्ज उपलब्ध कराने के लिए टीवीएस मोटर के साथ साझेदारी की घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन को अपनाने में तेजी लाना और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है। एवरसोर्स कैपिटल समर्थित इकोफाई हरित क्षेत्र के लिए वित्त पोषण उपलब्ध करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है।



टीवीएस मोटर कंपनी दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी है। इस बारे में इकोफाई के सह-संस्थापक, प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजश्री नाम्बियार ने बयान में कहा, टीवीएस मोटर कंपनी के साथ यह साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। टीवीएस मोटर के मजबूत वितरण और नेटवर्क के साथ हम यात्री और कार्गो इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों दोनों के लिए व्यापक वित्त पोषण समाधान पेश कर सकेंगे।''

उन्होंने कहा कि हमें चालू वित्त वर्ष में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है, जो हमारी विस्तार यात्रा में एक मील का पत्थर होगा। टीवीएस मोटर कंपनी के वाणिज्यिक वाहन के कारोबार प्रमुख रजत गुप्ता ने कहा, इकोफाई के साथ सहयोग करने से हमें अपनी विनिर्माण विशेषज्ञता को उनकी अभिनव वित्तीय सेवाओं के साथ जोड़ने का मौका मिलेगा। यह पर्यावरण अनुकूल परिवहन समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे खिलाड़ी



नई दिल्ली। भारत में भले ही सबसे प्रसिद्ध खेल इस समय क्रिकेट है, लेकिन एक वक्त पर हॉकी ने भारतीय फैंस के दिलों पर राज किया है। हॉकी भारत का नेशनल स्पोर्ट्स भी है और भारतीय हॉकी टीम के नाम ही सबसे ज्यादा 8 ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने का विश्व कीर्तिमान दर्ज है। लेकिन अब हॉकी का पुराना दौर लौटता हुआ नजर आ रहा है। भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक 2024 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था, जो उसका लगातार दूसरा मेडल था। अब हॉकी के दमदार प्रदर्शन को देखते हुए हॉकी इंडिया लीग का 7 साल बाद आयोजन होगा। इसके लिए हॉकी इंडिया लीग ऑक्शन 2024 का आयोजन हो रहा है। जिसमें अभी तक भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे बिके हैं। ऑक्शन में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सूरमा हॉकी क्लब ने 78 लाख रुपये में खरीदा है। पहले दिन ऑक्शन में बिके प्लेयर्स में से हरमनप्रीत की कीमत सबसे ज्यादा है। हरमनप्रीत एक शानदार ड्रैग फ्लिकर हैं, जो दबाव की स्थिति में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करते हैं। पेनाल्टी स्ट्रोक और कॉर्नर को गोल में बदलने में उन्हें महारथ हासिल है। वह अपने दम पर टीम को जिताने की काबिलित रखते हैं। उन्होंने नेशनल टीम के लिए खेलते हुए 234 मैचों में 205 गोल किए हैं। भारतीय उप-कप्तान हार्दिक सिंह की सेवाएं भी यूपी रुद्रस ने 70 लाख रुपये में हासिल कीं। वह पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम का भी अहम हिस्सा थे।

नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी होने के बाद हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि मैं वास्तव में उत्साहित हूं क्योंकि मुझे पंजाब टीम ने चुना है। हमारी टीम का नाम सूरमा हॉकी क्लब है। यह और भी खुशी की बात है कि हॉकी इंडिया लीग वापस आ रहा है। यह हमारे युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर है और हॉकी का भविष्य उज्जवल है। हॉकी इंडिया लीग की 7 साल बाद वापसी हो रही है। इससे पहले पांच सीजन हो चुके हैं और पिछली बार साल 2017 में कलिंगा लैंसर्स ने दबंग मुंबई को हराकर खिताब जीता था।

हरमनप्रीत की कप्तानी में ही भारतीय टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में ब्रॉन्ज मेडल स्पेन को हराकर जीता था। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने दमदार खेल दिखाया था। इसके अलावा ग्रुप स्टेज में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया था। भारत ने ओलंपिक में 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को पटखनी दी थी।

## इमर्जिंग एशिया के लिए इंडिया ए टीम का एलान

### तिलक वर्मा को इंडिया-ए टीम की कमान

**नई दिल्ली। 18 अक्तूबर से शुरु होने वाले पुरुष टी20 इमर्जिंग एशिया कप में तिलक वर्मा इंडिया ए का नेतृत्व करेंगे। अब तक भारत के लिए चार वनडे और 16 टी-20 खेल चुके तिलक के अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके अभिषेक शर्मा और राहुल चाहर भी इस टीम का हिस्सा हैं।**



**पाकिस्तान से होगी पहली भिड़ंत**

2022 में अंडर 19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे निशांत सिंधु भी इस दल में शामिल हैं। वहीं हाल ही में हुए दलीप ट्रॉफी में प्रभावित करने वाले अंशुल काम्बोज को भी दल में जोड़ा गया है। भारत 19 अक्तूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इस ग्रुप में ओमान और संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है। यह पहली बार होगा जब यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। इसके पिछले पांच संस्करण वनडे प्रारूप में खेले गए थे। भारत ने 2013 में इसका प्रथम संस्करण अपने नाम किया था जबकि पिछले दो बार से पाकिस्तान यह ट्रॉफ़ी जीतता आ रहा है। 2023 में पाकिस्तान ने भारत को फाइनल में हराया था।

## भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज से कैमरून ग्रीन हुए बाहर

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी। लेकिन इससे पहले ही ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। टीम के स्टार ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन चोटिल होने की वजह से भारत के खिलाफ सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। ग्रीन ने पिछले से अच्छा प्रदर्शन किया था और टीम को अपने दम पर कई मुकाबले जिताए थे।



इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में कैमरून ग्रीन चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें स्कैन में उन्हें स्ट्रेस फ्रैक्चर का पता चला और अब उन्हें पीठ की सर्जरी का ऑपरेशन करवाने की विकल्प चुना है।

अब उन्हें ठीक होने में कम से 6 महीने लग जाएंगे। इसी वजह से वह भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनका चैंपियंस ट्रॉफी और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर होना भी लगभग तय है। क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान की धरती पर फरवरी में होना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की रिपोर्ट के मुताबिक उनका आईपीएल में भी खेलने पर खतरा मंडरा रहा है।

## टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय बनीं हरमनप्रीत कौर

शारजाह। महिला टी20 विश्व कप में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। रविवार को शारजाह में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्धशतकीय पारी से भारत को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन वह ऐसा करने में सफल नहीं हो सकीं। हालांकि, वह अपने नाम कई रिकॉर्ड करने में कामयाब हुईं। इस मैच में 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 54 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 47 गेंदों का सामना किया और छह चौके लगाए। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां अर्धशतक है। इसी के साथ वह महिला टी20 विश्व कप में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। अब तक उन्होंने महिला टी20 विश्व कप में 726 रन बनाए हैं। मंधाना 524 और जेमिमा 407 रनों के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।

मौजूदा टूर्नामेंट में यह दाएं हाथ की बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 52* रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हरमनप्रीत से पहले पिछले संस्करण में स्मृति मंधाना ने दो अर्धशतक लगाए थे। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने 2018 में दो अर्धशतक लगाए थे। महिला टी20 विश्व कप में हरमनप्रीत के पांच 50 से अधिक स्कोर भारत के लिए मिताली राज के साथ संयुक्त रूप से सबसे अधिक हैं।

## प्रथम पेज का शेष

***भारत ने कनाडा के 6 राजनयिकों ...***

इससे पहले भारत ने सोमवार शाम को उच्चायुक्त स्टीवर्ट व्हीलर को तलब किया था और उन्हें बताया था कि भारत ने कनाडा से अपने अधिक राजनयिकों को वापस बुलाने का फैसला किया है।

***आंख दिखाने से भी डरेंगे दुश्मन..***

अधिकारी भी इस महत्वपूर्ण हस्ताक्षर समारोह में हिस्सा लेंगे, जिनमें नौसेना प्रणालियों के संयुक्त सचिव और अधिग्रहण प्रबंधक भी शामिल हैं। लंबी चर्चा के बाद समझौता- भारत पिछले कई वर्षों से अमेरिका के साथ इस डील पर चर्चा कर रहा था। कुछ सप्ताह पहले रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में सभी बाधाएं को हटा दी गई और आखिरकार इस सौदे पर बात बन गई। यह सौदा 31 अक्टूबर से पहले किया जाना आवश्यक था।

0 चार महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात होंगे ड्रोन- इन 31 प्रीडेटर ड्रोन को देश के चार संभावित ठिकानों पर तैनात किया जाएगा, जिनमें ढ्रहस राजाली (चेन्नई के पास), पोरबंदर (गुजरात), सरसावा और गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। यह सौदा भारत की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और भारतीय सशस्त्र बलों को नई तकनीक के साथ अपनी निगरानी और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में मदद करेगा।

## छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड का चुनावः डॉ. सलीम राज सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के बैठक में बोर्ड के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से डॉ. सलीम राज को रा'य वक्फ बोर्ड का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने कहा कि, वक्फ बोर्ड अपने उद्देश्यों के अनुरूप काम करें। इसके लिए मुतवल्लियों से चर्चा कर वक्फ बोर्ड की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन, भू-माफियाओं एवं अतिक्रमणकारियों से वक्फ सम्पत्तियों को सुरक्षित करने के साथ ही वक्फ की योजनाओं का सीधा लाभ सामाजिक एवं कमजोर वर्ग के शैक्षणिक विकास के लिए किया जाएगा।

**सीएम साय, नेताम समेत अनेक लोगों ने दी शुभकामनाएं**

डॉ. सलीम राज ने राज्य वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष बनने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पिछडा वर्ग अल्पसंख्यक विकास मंत्री रामविचार नेताम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्यगण, मुतवल्ली एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों ने डॉ. सलीम राज को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### विभिन्न विकास कार्यों के लिए 21 लाख 70 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ एवं छुरिया विकासखंड के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 21 लाख 25 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मोतीपुर में वार्ड क्रमांक 1 साहू पारा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम मोतीपुर में वार्ड क्रमांक 1 अजा वार्ड में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम मोतीपुर में सामुदायिक भवन साहू पारा के पास टिन शेड निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम खुडमुड़ी में वार्ड नंबर 13 धरम वर्मा गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम ठेकवा में रामायण मंच के सामने गली क्राकीटीकरण निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 25 हजार रूपए, ग्राम सलोनी में वार्ड नंबर 3 से भुनेशर घर से भुलिया तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम बिजनापुर में तालाब के पास स्टील रेंलिंग के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम कारूटोला में वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह छुरिया विकासखंड के ग्राम लाममेटा में गली क्रांकीटीकरण कार्य के लिए 4 लाख रूपए, ग्राम आमगांव में पोस्ट ऑफिस गली में सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## रायपुर में कोर्ट में पेश किया गया अमन साहू, कोर्ट ने 6 दिन के लिए रिमांड पर भेजा



रायपुर (दावा)। झारखंड जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को सोमवार की रात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रायपुर लाया गया है। जहां शाम 4 बजे उसे मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 6 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, अब 19 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ पुलिस उससे पूछताछ करेगी। उसे झारखंड जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया है।

इस टीम में छत्तीसगढ़ से 10 और झारखंड की 30 से अधिक सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे। गैंगस्टर अमन साहू को आज शाम 4 बजे उसे मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 6 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, अब 19 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ पुलिस उससे पूछताछ करेगी।


गैंगस्टर अमन साहू को रायपुर पहुंचने के बाद सीधे क्राइम ब्रांच के ऑफिस में रखा गया था, जहां सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। पुलिस के अनुसार, उसे आज कोर्ट में पेश किया गया और रिमांड पर लिया गया है, ताकि उसके खिलाफ चल रहे मामलों में पूछताछ की जा सके। अमन साहू पर तेलीबांधा में कारोबारी के ऑफिस के बाहर शूटआउट करवाने का आरोप है। गैंग की महिला सदस्य समेत 12 सदस्यों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**6 आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार**

उल्लेखनीय है कि, राजधानी रायपुर में दहशत का माहौल बनाने वाले शूटर्स गिरफ्तार कर लिए गए थे। इन शूटर्स ने 13 जुलाई को तेलीबांधा क्षेत्र में कारोबारी के ऑफिस के सामने दिन दहाड़े फायरिंग कर दहशत माहौल बनाया था। रायपुर पुलिस ने बताया था कि, तेलीबांधा इलाके में हुए गोलीकांड के 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें से तीन आरोपियों को हरियाणा से पकड़ा गया है वहीं तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। पुलिस ने बताया कि, झारखंड के अमनदीप वाल्मीकि गिरोह ने फायरिंग की इस घटना को अंजाम दिया था।

**सभी अमन साहू गैंग के थे मेंबर्स**

पुलिस के मुताबिक ये सभी आरोपी अमन साहू गैंग के अंदर काम करते थे। पुलिस ने बताया कि, आरोपियों को पकड़ने के लिए 10 से 12 टीम दूसरे राज्यों में भेजी गई थीं। 2 को झारखंड से और सिरसा से 4 लोगों को गिफ्तार किया गया है। हालांकि अभी मुख्य शूटर पुलिस की पकड़ से बाहर है। लेकिन पुलिस का कहना है कि, वह मुख्य शूटर के काफी करीब पहुंच गई है, और उसकी किसी भी वक्त गिरफ्तारी हो सकती है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com